# घाट निर्माण शिलान्यास के बाद हुआ प्रोजेक्ट का प्रदर्शन

## बैठक में मौजूद विधायक ने दबी जुबान से पूछ लिया पहले के 25 करोड़ का क्या हुआ पता नहीं

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 अगस्त. जिले के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की जानकारी देने में की जा रही खानापूर्ति का अन्दाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शनिवार को कलेक्टोरेट में हुई दिशा की उच्च स्तरीय बैठक में जनप्रतिनिधियों को उस प्रोजेक्ट का खाका दिखाया गया जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री ने रीवा में आयोजित रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में कर दिया है.बताया गया है कि पीपीपी मोड पर होने वाले घाटों के निर्माण में 25 करोड़ रूपये व्यय होगें.**



मिली जानकारी के अनुसार सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा के लिए हर तीन महीनों में दिशा की उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाता है.इस बार शनिवार को सतना और मैहर जिले की संयुक्त बैठक कलेक्टोरेट में सम्पन्न हुई.इस बैठक में निर्धारित एजेण्डें के बाद सतना कलेक्टर की अनुमति से स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत चित्रकूट के घाटों के विकास का खाका प्रस्तुत किया गया.इस प्रस्तावित योजना के तहत निजी एजेन्सी के साथ मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड ने अनुबन्ध किया है.मुंबई की सावनी हेरीजेट कंजर्वेशन प्राइवेट लिमिटेड ने इस प्रोजेक्ट को पीपीपी मोड़ में विकसित करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार के साथ अनुबन्ध किया है. बताया गया है कि जिस समय प्रोजेक्ट की मैनेजमेंट कंसल्टेंट शिल्पा शर्मा ने घाटों में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी.उसी समय चित्रकूट के विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने अचानक प्रोजेक्ट में खर्च होने वाली राशि का विवरण पूछ लिया.इस पर सार्वजनिक तौर पर बताया गया कि इसमें 25 करोड़ रूपये व्यय होगें.इस पर विधायक ने दबी जुबान से पूछ लिया कि इसके पहले भी घाटों के विकास में 25 करोड़ रूपये खर्च किए गए हैं.वो सब अब तो बाढ़ में बह गया.हमें कुछ पता ही नहीं चला की उस पैसे से किया क्या गया.इस मामले एक पक्ष और प्रकाश में आया है.रीवा में आयोजित कार्यक्रम के लिए बनाए गए ब्रोसर में पर्यटन बोर्ड ने इस प्रोजेक्ट की लागत स्पष्ट तौर पर 28 करोड़ लिखित तौर पर बताई है.

### बनेगी दुकानें, सात्विक रसोई और टॉयलेट

हालांकि एजेन्सी ने अपने पूर्व के कार्य अनुभव में किसी भी घाट या नदी के किनारे विकास कार्य करने की जानकारी नहीं दी,बल्कि देश की कुछ ऐतिहासिक भवनों को नया स्वरूप दिए जाने के चित्र प्रदर्शित किए .बताया गया है कि इस प्रोजेक्ट के तहत सात्विक रसोई,टायलेट और दुकानों का निर्माण किया जाएगा .पहले से घाटों में पर्वों के अवसर पर भीड़ के लिए कम स्थान वाले इन घाटों पर स्थाई निर्माण के बाद कितनी जगह बचेगी उसको लेकर अभी से लोग चिन्तित नजर आ रहे है .

# आधी रात बोले वन कै मोरइला हो भिनसारे रतिया ना...




हमी लाग की इया बेरी अपना पाच्य का विन्ध्य कै माटी कयं सुधी देबाई जाय. ऐसे की अपना पाच्य सब कुछु भुलाय दिहिन है. सामन मा देश,दुनिया सब जग्घा कजरी गायी जात ही.इया कोउ-कोउ जानत होइ की कजरी अपने कजलइयां मा गामय वाला लोकगीत आय.ऐखर उदय हेयइ से भां है. कजलइयां सेरामय जब मेहरिया बिटिया तलाए, नरबा, नन्दि जाती हैं ता गइल मा जउन गाबा जात है वा कजरी आय.आधी रात बोले वन कै मोरइला हो भिनसारे रतिया ना इया बोल ओहि केर आय.हमहुं नाही जानत रहे हेयन.इया बात हमी हमार एक साथी बताइस जेखर पइदाईस बुंदेलखंड कै आय.असल मा कजलइयां कै मनाउब बुंदेलखंड से भा है. कहानी इया है कि राजकुमारी चन्द्रवली जब अपनी सखियन कै संग कजलइयां सेरामय जात रही तब पृथ्वीराज उन्ही उठामय कै खितिर आए उनखर जूद्ध आल्हा-ऊदल अउर उनके भइयन से भा इया जूद्ध मा पृथ्वीराज का भागय का परा. बताबत हेय की इया लड़ाई मा चन्द्रवली कै भाई मारा गा. तभिन से एहि मनावा जाय लाग. इहो कहा जात है कि प्रकृति प्रेम का इया परब पहिले से मनावा जात रहा.निकही बरसा अउर फसल कै खितिर लोग एक -दूसरे से मिलके आशीर्वाद लेत रहे.एहि से यमा ऊं अनाज का बोवा जात है जिनखर खेती इया रबि नाही किन जाय. एखर शुरुआत नागपंचमी कै दूसरे रोज से होइ जात ही.सबसे पहिले खेतबा, तलाए कयं निकही माटी लई कै आमय से होत है. फेर वा माटी का सतमी केय रोज बॉस की टुकनी मां भर केय गेंहू अउर जबा बोओ जात है. नव दिन तक चलय वाले इया परब मा बोए अनाज का खूब सींच कै बड़ा कीन जात है. फेर अषाढ़ कै परिबा कै रोज ठंडा करके खोट लीन जात है. ऐखे बाद बड़े छोट सब का फसल कै प्रतीक का दई कै आशीर्वाद लीन जात है. हमी लागत है कि अब शहरन मा लोग इया त्यौहार का भूलिगे हेय. देखी परम्परा अउर आपन संस्कृति का ना भूली. ऐसे की जउन आनन्द एखे मनामय है वोहि अब महसूस कीन जा सकत है. समाज मा छोट बडे ऊँच-नीच कै खाई का पाटा जा सकत है.

# पुलिस ने पकड़ी नशीली कफ सिरप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 अगस्त, सिटी कोतवाली पुलिस ने नशीली कफ सिरप सहित एक मोटर साइकल जप्त की है. जबकि आरोपी युवक पुलिस पकड़ से बच गया. जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है.**

मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की अखाड घाट के खाली जगह मे प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप की बोरियो की तस्करी दो पहिया वाहन से की जा रही है. सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली द्वारा मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान रेड कार्यवाही की गई जो पुलिस को आता देख दो पहिया वाहन का चालक आरोपी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया. लेकिन पुलिस की दबिस से तस्करी मे प्रयुक्त वाहन एवं बोरिया बरामद हुई बोरियो को खोलकर देखा गया तो प्रतिबंधित नशीली कफ सिरफ कुल 600 शीशी बरामद की गई. प्रकरण मे जप्त दो पहिया वाहन के चालक के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली मे आपराध क्रमांक 428/2025 धारा 8,21,22 एनडीपीएस 5/13 ड्रग कन्ट्रोल एक्ट का कायम कर फरार वाहन चालक आरोपी की सरगरमी से पतासाजी जारी है.

# बीच शहर में सब्जी व्यापारी से 50 हजार की लूट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 अगस्त, सिटी कोतवाली थाना अन्तर्गत बीच शहर खन्ना चौराहे के पास शनिवार की तड़के सब्जी व्यापारी से 50 हजार की लूट की गई. मोट साइकल मे सवार तीन नकाबपोश बदमाश पैसे से भरा बैग लूट कर भाग निकले. एक बार फिर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को बदमाशो ने चुनौती दी है. शहर में दो सीएसपी तैनात है, बावजूद इसके अपराधो पर अंकुश नही लग रहा है. सब्जी व्यापारी के साथ हुई लूट ने पुलिस व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है.**

जानकारी के मुताबिक बाणसागर कालोनी निवासी सनी जायसवाल और शिवपूजन जायसवाल जो कि सब्जी व्यापारी है मोटर साइकल से करहिया सब्जी मंडी जा रहे थे. हाथ में बैग था जिसमें लगभग 50 हजार रूपये और बहीखाता था. बदमाश पीटीएस चौराहे से दोनो भाईयो का पीछा कर रहे थे लेकिन यह समझ नही पाए. जैसे ही मोटर साइकल खन्ना चौराहे के पास पहुंची उसी समय बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशो ने झपट्टा मार कर बैग छीन लिया.

> पीटीएस चौराहे से बदमाश कर रहे थे पीछा, खन्ना चौराहे में की वारदात

वारदात के दौरान पीड़ितो की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे शिवपूजन के पैर में चोट आई और बदमाश बैग लेकर विक्रम पुल की ओर भाग खड़े हुए. लूट की वारदात के बाद पीड़ित सिटी कोतवाली थाने पहुंचे और घटना की जानकारी दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें बदमाश भागते हुए नजर आए है. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और कैमरे की मदद से बदमाशो को तलाशने में जुटी है. सब्जी व्यापारी दोनो भाई अक्सर अपने घर से व्यंकट मार्ग होते हुए करहिया सब्जी मंडी खरीददारी के लिये जाते थे. बदमाशो को पहले से ही पता था कि इनके पास खरीददारी के पैसे होते है और लूट की वारदात को अंजाम दिया.

# जादू टोना के शक पर भतीजे ने चाची का गला घोटा

## चाची की हत्या करने के बाद आरोपी फरार, पुलिस तलाश में जुटी, शीघ्र गिरफ्तार करने की कर रही दावा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 अगस्त। जिले के सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बरका चौकी के महुली गांव में बीती रात एक युवक ने जादू टोने के शक पर अपने ही चाची के साथ बेरहमी से मारपीट करते हुये गला घोट कर हत्या कर दिये जाने का मामला सामने आया है।**



घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी स्थल पहुंच वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को घटना क्रम से अगवत कराया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जगह-जगह छापामार कर रही है। वही चर्चा है कि आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद पुलिस के सामने सरेण्डर कर दिया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बरका पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम महुली निवासी गोविन्द सिंह की शादी हुये कई साल हुई थी। लेकिन गोविन्द के पत्नी को बच्चे नही हो रहे थे। कई जगह इलाज एवं झाड़फूक करा रहा था। इसी बीच किसी ओझा ने बता दिया कि प्रेतबाधा एवं जादू टोना लगा है। इस अंधविश्वास में पड़ कर गोविन्द ने ओझाओ का सहारा लेना तेज कर दिया। इस दौरान कही से पता चला कि उसी के चाची मानवती सिंह उम्र 40 वर्ष ने जादू टोना किया है। इसी बात को लेकर शुक्रवार की रात करीब 10 बजे आरोपी गोविन्द सिंह पिता जगधारी सिंह उम्र 25 वर्ष ने मानमती सिंह पति छत्रपति सिंह उम्र 40 वर्ष के घर पहुंच गला घोट कर मौत की नींद सुला दिया। उक्त घटना गांव में आग की तरह फैल गई। जहां आसपास के लोग भी पहुंच गये, लेकिन तब तक में आरोपी घटना को अंजाम देकर भाग खड़ा हुआ था। वही घटना की सूचना पर आज दिन शनिवार की सुबह सरई थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह भदौरिया, एसडीओपी देवसर गायत्री तिवारी हमराह के साथ घटना स्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये अपने कब्जे में लेते हुये जांच पड़ताल एवं आरोपी के तलाश में जुट गई। इधर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 301(ए), 351, 196, 115(2) इधर ग्रामीणों के चर्चाओं के अनुसार घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पुलिस के यहां सरेण्डर कर लिया। जबकि पुलिस का कहना है कि आरोपी फरार है। आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस का यह भी दावा है कि जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मृतका का पति भागा, दूसरा भतीजा करता रहा जद्दोजहद

जानकारी के अनुसार जिस वक्त आरोपी गोविन्द सिंह मृतिका के घर पहुंचा और अपनी चाची के साथ मारपीट करने लगा। जहां मृतिका का पति इस बहसी युवक भतीजे को गुस्सा को देख भाग खड़ा हुआ। वही मृतिका का दूसरा भतीजा कमलभान सिंह अपने चाची की जिंदगी बचाने के लिए संघर्ष कर टक्कर लेता रहा। लेकिन यहां पर कमलभान आरोपी के आगे कमजोर पड़ गया। वह भी अपनी जान बचा कर भाग खड़ा हुआ। कमलभान के अनुसार आरोपी उसके साथ भी मारपीट किया है।

### इनका कहना है

आज सुबह थाना सरई अंतर्गत बरका चौकी में सूचनाकर्ता कमलभान सिंह ने चौकी आकर सूचना दिया कि उसका चचेरा भाई गोविन्द सिंह जादू टोना के आशंका पर उसकी चाची मानमती सिंह के साथ गाली गलौज व मारपीट करते हुये गला दबाकर हत्या कर दी है। इस सूचना पर थाने में मर्ग कायम कर मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

**गायत्री तिवारी**
एसडीओपी, देवसर

# राह चलते युवक पर जानलेवा हमला, एक बाल अपचारी समेत दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 अगस्त। जयंत चौकी क्षेत्र के समीपी पिपरालाल निवासी एक राहगीर युवक पर गत दिवस की रात जैतपुर ग्राम के पास अपने दोस्त के साथ गोल मार्केट घुमने जा रहा था कि तीन-चार लोग लाठी-डण्डा से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।**

पुलिस घटना को अंजाम देने वाले एक बालविरूद्ध समेत दो आरोपियों को थाना प्रभारी विंध्यनगर अर्चना द्विवेदी के देख-रेख में जयंत चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह परिहार गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार फरियादी मुकेश कुमार तिवारी स्व. प्रेमनाथ तिवारी उम्र 27 वर्ष निवासी पिपरालाल चौकी जयंत ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 जुलाई को मेरा छोटा भाई ओम प्रकाश तिवारी रात करीबन 8 बजे घर आकर बताया कि मैं अपने दोस्त आकाश साहू के साथ गोल मार्केट जयंत घूमने गया था, गोल मार्केट जयंत से वापस घर आ रहा था, जैसे ही समय तकरीबन 7:30 बजे शाम जैतपुर ग्राउण्ड के पास पहुंचा तो उसी समय अरविन्द साहू पिता दाऊलाल साहू उम्र 24 वर्ष एवं पुष्पा साहू उर्फ इन्द्रकुमार साहू पिता मिठाईलाल साहू दोनों निवासी जैतपुर के मिले, जो मुझे पुराने विवाद को लेकर मॉ-बहन की बुरी-बुरी गालियां देते हुए मुझे जान से मारने की नियत से लाठी-डण्ड़ा से मारपीट करने लगे, अरविन्द शाह लाठी के प्रहार से बेसुध हो गया। वही मौके पर मौजूद आकाश साहू एवं सिन्दू साहू बीच-बचाव के लिए दौड़, तब दोनों वहां से भाग गये। भाई के सिर में गंभीर चोटे आई। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296,109,3 (5)बीएनएस का अपराध 31 जुलाई को पंजीबद्ध कर विवेचना में लेते हुये घटना के बाद से फरार आरोपी अरविन्द कुमार शाह पिता स्व. दाऊलाल शाह थाना विन्ध्यनगर एवं विधि विरूद्ध किशोर उम्र 17 वर्ष 10 माह दस्तयाब किया। जहां आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया। जिन्हें बीते 31 जुलाई को गिरफ्तार कर ज्यूडीशियल रिमाण्ड में भेजा गया है।

# बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक किया दोगुना

नवभारत न्यूज

**सतना 2 अगस्त. भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का पारिश्रमिक दोगुना करने का बड़ा फैसला लिया है। इसके साथ ही बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है।**

आयोग ने पहली बार ईआरओ (निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी) और एईआरओ (सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी) को भी मानदेय देने का निर्णय लिया है। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि शुद्ध मतदाता सूचियां लोकतंत्र की नींव हैं। मतदाता सूची तैयार करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ पर्यवेक्षक और बीएलओ निभाते हैं। इनकी मेहनत से ही सटीक और पारदर्शी मतदाता सूचियां तैयार होती हैं। बीएलओ की वार्षिक

> ईआरओ और एईआरओ को भी मिलेगा मानदेय

पारिश्रमिक राशि को 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये कर दिया गया है, जबकि मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए बीएलओ को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि अब 1000 रुपये से बढ़ाकर 2 हजार रुपये कर दी गई है। ठस्व् पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये किया गया है। इसके अलावा ईआरओ को अब 30 हजार रुपये और एईआरओ को 25 हजार रुपये का मानदेय मिलेगा। इससे पहले इन्हें कोई मानदेय नहीं दिया जाता था। आयोग ने बिहार में शुरू होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए बीएलओ को अतिरिक्त 6 हजार रुपये के विषेश प्रोत्साहन को भी मंजूरी दी है। निर्वाचन आयोग के अनुसार यह निर्णय उन चुनाव कर्मियों की प्रतिबद्धता को सम्मानित करता है, जो क्षेत्रीय स्तर पर सटीक मतदाता सूचियां बनाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं।

# आज से चलेगी रीवा-पुणे

**सतना, 2 अगस्त.** रीवा-पुणे ट्रेन का उद्घाटन 3 अगस्त को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे. कार्यक्रम के मुताबिक सतना में सांसद गणेश सिंह इसी ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन विंध्य क्षेत्र और पुणे के बीच बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जिससे शिक्षा, रोजगार, और चिकित्सा के लिए यात्रा करने वाले लोगों को सुविधा होगी।

# प्रेम और परिवार की उलझन बनी सुमन की मौत की वजह

## पुलिस ने मृतका के कथित प्रेमी को किया गिरफ्तार, शस्त्र लाइसेंस धारक पर भी दर्ज हुआ मामला

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 अगस्त. चित्रकूट से कांग्रेस के पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी की गढ़ी में गोली लगने से हुई सुमन निषाद की मौत का पर्दाफास पुलिस ने कर लिया है।**



यह बात सामने आई है कि सुमन अपने प्रेम प्रसंग और परिवार के बीच उलझन में फंसी थी, यही उसकी आत्महत्या का कारण बन गया। पुलिस ने सुमन के कथित प्रेमी को गिरफ्तार किया है, जो उससे फोन पर बात किया करता था। आत्महत्या के इस प्रकरण में पुलिस ने शस्त्र लाइसेंस धारक पूर्व विधायक की पत्नी को भी आरोपी बनाया है। गौरतलब है कि पूर्व विधायक की गढ़ी में अपने परिवार के साथ काम करने वाली सुमन निषाद पिता स्व. अर्जुन निषाद (24) निवासी कटरा गुदर थाना कोतवाली कर्वी की गोली लगने से मृत्यु हुई थी।

### सब्जी के काम से जुड़े दोनों

मामले की विवेचना करते हुए पुलिस ने जब सुमन के मोबाइल फोन का कॉल रिकॉर्ड खंगाला तब पता चला कि उसकी अरविंद उर्फ रज्जू यादव पिता गंगा यादव (24) निवासी पचोखर अतर्रा जिला बांदा उप्र से हुआ करती थी। दोनों सब्जी बेचने के काम के दौरान मिले थे। अरविंद गौशाला का भी काम करता था। दोनों एक दूसरे से प्रेम करने लगे थे। फोन पर बात करते हुए सुमन को उसकी मां ने कई बार देखा और उसे डांट भी लगाई। बेटी की हरकतों को देख उसकी मां ने दीगर जगह विवाह संबंध तय कर दिया था।

### नजर नहीं आया दूसरा रास्ता

मां की बंदिश, परिवार की नाराजगी और अरविंद के प्रेम से घिरी सुमन की उलझन इतनी बढ़ चुकी थी कि उसको आत्मघाती कदम उठाना पड़ गया। उसने पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी के घर में काम करने के दौरान उनकी पत्नी अर्चना शर्मा के नाम पर लाइसेंसी रिवाल्वर को बेड के नीचे से निकाला और छिपाकर छत के ऊपर बने बाथरूम तक लेकर गई। जहां उसने खुद को गोली मार ली। इस मामले में अरविंद की गिरफ्तारी के बाद उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया। जबकि रिवाल्वर रखने में शस्त्र धारक की लापरवाही मानते हुए पूर्व विधायक की पत्नी अर्चना शर्मा को आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी बनाया है।




रेल कनेक्टिविटी को मिली नई गति

"आज देश विकसित भारत की संकल्प सिद्धि में जुटा है और इसके लिए भारतीय रेलवे का विकास बहुत महत्वपूर्ण है।"
- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस
रीवा-पुणे (हडपसर) एक्सप्रेस
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)
और
भावनगर टर्मिनस-अयोध्या एक्सप्रेस
का

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
मध्य प्रदेश

अश्विनी वैष्णव
केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

द्वारा

हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

3 अगस्त, 2025 | प्रात: 10:30 बजे | जबलपुर, मध्य प्रदेश

लाभ

जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस
- मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच संपर्क को मज़बूती
- शिक्षा, रोज़गार और स्वास्थ्य सेवा के लिए यात्रा करने वाले यात्रियों को लाभ
- जबलपुर और रायपुर के बीच पर्यटन को बढ़ावा

रीवा-पुणे (हडपसर) एक्सप्रेस
- छात्रों, पेशेवरों और कामकाजी लोगों के लिए सुविधा
- आदिवासी बाहूल्य क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी
- कई बार स्थानांतरण की आवश्यकता को समाप्त करके समय की बचत और सामाजिक-आर्थिक संपर्क को बढ़ावा

भावनगर टर्मिनस-अयोध्या एक्सप्रेस
- पश्चिमी भारत (गुजरात) और उत्तर प्रदेश के अयोध्या के बीच नई कनेक्टिविटी
- प्रमुख धार्मिक स्थलों पर आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा
- क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा
- भावनगर और अयोध्या के बीच पहला सीधा संपर्क

गरिमामयी उपस्थिति

राजेन्द्र शुक्ल, उप मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश | राकेश सिंह, लोकनिर्माण मंत्री, मध्य प्रदेश सरकार | जनार्दन मिश्रा, सांसद, रीवा | आशीष दुबे, सांसद, जबलपुर | विवेक के. तन्खा, सांसद, राज्यसभा | सुमित्रा बाल्मीक, सांसद, राज्यसभा
गणेश सिंह, सांसद, सतना | भारती पारधी, सांसद, बालाघाट | डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद, मण्डला | विष्णु दत्त शर्मा, सांसद, खजुराहो




www.indianrailways.gov.in | भारतीय रेल | /RailMinIndia पर हमें फॉलो करें


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99

CMYK